# आकाशवाणी मध्यप्रदेश
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 11.12.2025 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आंध्र प्रदेश के धर्मावरम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी ।
- चुनाव आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में किया बदलाव; अब प्रदेश में गणना अवधि 18 दिसंबर तक बढ़ी ।
- क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टी-20 मैच आज चंडीगढ़ में शाम 7 बजे से शुरू ; भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का लिया फैसला ।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड लगातार बढ़ी; शहडोल के कल्याणपुर में न्यूनतम तापमान सीजन में पहली बार 3 डिग्री तक गिरा ।

अटल ज्योति संदेश यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आंध्र प्रदेश के धर्मावरम में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यह कार्यक्रम अटलजी के जन्मशताब्दी वर्ष में शुरू हुई अटल ज्योति संदेश यात्रा के दौरान आयोजित हुआ, जो 20 जिलों में जाएगी और 25 दिसंबर को उनके जन्मदिवस पर संपन्न होगी। मुख्यमंत्री  ने बताया कि ..

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटलजी भाषा, भाषण और व्यक्तित्व में गंगा-यमुना की तरह पवित्र थे और उनकी बताई राह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ अटलजी के संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्यों—मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश—का विकास एनडीए की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

राज्यपाल

इंदौर में आयोजित न्यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के 73वें वार्षिक सम्मेलन के शुभारंभ पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि अच्छी सेहत के लिए मोटा अनाज खाएं, खूब पानी पिएं, पूरी नींद लें और रोज़ व्यायाम करें। राज्यपाल ने बताया कि शरीर का संचालन मस्तिष्क करता है, इसलिए मानसिक स्वास्थ्य के लिए मन शांत रखना अनिवार्य है। कार्यक्रम में नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य

सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं और आयुष्मान योजना से लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। चार दिवसीय यह सम्मेलन “ब्रेन और स्पाइन केयर में चुनौतियों पर विजय” विषय पर इंदौर में 14 दिसंबर तक चलेगा।

यूनेस्को - दीपावली

राज्यसभा ने दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने की सराहना की। राज्यसभा के सभापति सी.पी.राधाकृष्णन ने कहा कि यह देश के लिए अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल एक त्योहार नहीं बल्कि अंधकार पर प्रकाश और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है।

भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में दीपावली को शामिल करना गर्व का क्षण है।

*भारत की तीज और पर्व संस्कृति यह भारत की पहचान है। जिस प्रकार से दीपावली है यह तो आज की नहीं हजारों साल की है मर्यादा पुरुषोत्तम राम के अयोध्या वापसी से जुड़ी है। यूनेस्को ने इसको अपनी धरोहर में अपनी याददाश्त में शामिल किया है, तो यह भारत के लिए गर्व का विषय है।*

मुख्यमंत्री- शिक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदेश में ही मिले और विदेश जाने की आवश्यकता कम पड़े। राज्य सरकार अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के अध्ययन केन्द्र स्थापित करने के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित कर रही है।श्री यादव ने कहा एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी, और ताइवान की एशिया यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा, शोध और नवाचार केन्द्र खोलने पर सक्रिय संवाद चल रहा है। इन अध्ययन केंद्रों की स्थापना प्रदेश में प्रस्तावित है, जिससे इंजीनियरिंग, एआई, डेटा साइंस, हेल्थ साइंस और प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे तथा स्थानीय उद्योगों और स्टार्टअप्स को संयुक्त शोध का लाभ मिलेगा। टास्क फोर्स का आदेश शीघ्र जारी होगा ताकि प्रक्रिया तेज़ी से आगे बढ़ सके।

एसआईआर

चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम में बदलाव किया है। अब प्रदेश में गणना अवधि 18 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। इसके बाद मतदाता सूची का मसौदा 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। आयोग का कहना है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। इसलिए नए मतदाता फॉर्म-6 और घोषणा पत्र भरकर बीएलओ को दें या ECI के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करें। अंतिम मतदाता सूची फरवरी 2026 में जारी होगी। नरसिंहपुर कलेक्टर ने बताया कि लगातार अन मैपिंग का प्रतिशत कम हुआ है

इंडिगो मुआवजा

इंडिगो एयर लाइन्स ने 3, 4 और 5 दिसंबर को विमानों के परिचालन बाधा से प्रभावित यात्रियों को 10 हजार रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। इंडिगो ने बताया कि यह मुआवजा यात्रा वाउचर के रूप में दिया जाएगा। इसका उपयोग अगले 12 महीनों में इंडिगो की किसी भी यात्रा के लिए किया जा सकता है। एयरलाइन ने कहा कि सरकारी दिशानिर्देशों के अंतर्गत अनिवार्य मुआवजे के अलावा, इंडिगो उन यात्रियों को भी 5 हजार से 10 हजार रुपये तक का मुआवजा देगी, जिनकी उड़ानें प्रस्थान से 24 घंटे के भीतर रद्द हो गई थीं।

सरकार 2 वर्ष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि राज्य सरकार के सफलतम दो वर्ष पूरे होने पर 13 दिसंबर को भोपाल और 14 दिसंबर को इंदौर में कहाँ—विशेष कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की इंडस्ट्रियल ग्रोथ रेट देश में सबसे अधिक है और सरकार का फोकस किसानों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण पर है, इसलिए इन उपलब्धियों को जनता के साथ साझा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि अच्छे कार्यों में सरकार सभी के साथ है, लेकिन गलतियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि नक्सलवाद उन्मूलन की दिशा में प्रदेश को ऐतिहासिक सफलता मिली है और आगे इसे पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य है।

क्रिकेट

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच क्रिकेट मैचों की टी-20 सीरीज़ का दूसरा मैच आज चंडीगढ़ में शाम 7 बजे से खेला जा रहा है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला किया है। टीम इंडिया सीरीज़ में 1-0 से आगे है। कटक में खेले गए पहले मुकाबले में भारत ने

दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की थी। अब नजर दूसरे मैच में बढ़त मजबूत करने पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका इस मैच में वापसी की कोशिश करेगा।

## मौसम

प्रदेश में कड़ाके की ठंड लगातार बढ़ रही है, वहीं शहडोल के कल्याणपुर में मौसम ने नया रिकॉर्ड बनाया है, जहाँ आज न्यूनतम तापमान सीजन में पहली बार 3 डिग्री तक गिर गया। मौसम विभाग ने बताया कि उत्तर भारत में सक्रिय जेट स्ट्रीम और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के कारण प्रदेश में शीतलहर तेज़ हुई है, जिसके चलते भोपाल, इंदौर, राजगढ़, शाजापुर और सीहोर में आज कोल्ड वेव अलर्ट जारी है । कटनी महापौर ने बताया कि नागरिकों के लिए अलाव की व्यवस्था की जा रही है ।

## भावांतर योजना

भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। आज 4207 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

- आगरमालवा जिले में सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान 19 से 25 दिसंबर तक संचालित होगा।
- आरसीएमएस पोर्टल पर राजस्व प्रकरणो के निराकरण में नीमच जिला प्रदेश में पहला स्थान पर है ।
- अशोकनगर ज़िले में भूकम्प आपदा में खोज, राहत व बचाव कार्य हेतु एनडीआरएफ एवं जिला प्रशासन द्वारा मॉक अभ्यास किया गया ।
- गुना ज़िले में आज बाल विवाह रोकथाम हेतु विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।
- खंडवा जिले में “मिशन अमृत संचय” अभियान के तहत भू-जल संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत जन अभियान परिषद तथा विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।